# CHANGE STARTS FROM
# YOUTH

NATIONAL ASSOCIATION OF YOUTH
राष्ट्रीय युवा संघ
*making youth responsible ...*

LEADERSHIP
NATIONAL INTEGRATION
SPORTS
ART & LITERATURE
CREATIVITY
MOTIVATION
KNOWLEDGE
NETWORK
GRASSROOT WORK
INCLUSION
INSPIRATON
ENVIRONMENT
EDUCATION
EMPOWERMENT







राष्ट्रीय युवा संघ

# परिचय

नेशनल एसोसिएशन ऑफ यूथ (**NAY**) एक युवा संगठन है, जो देश में परिवर्तन हेतु जिम्मेदारी साझा करने के लिए प्रतिबद्ध है जहां युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण और अपरिहार्य है।

**NAY** जिसे हम राष्ट्रीय युवा संघ भी कहते हैं। एक गैर लाभकारी संगठन है, यह संगठन देश भर के युवाओं के लिए एक सशक्तिकरण वाहन और एक राष्ट्रीय आन्दोलन के रूप में काम कर रहा है।

इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए हमने स्वतंत्र भारत में सकारात्मक सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक परिवर्तनों में योगदान के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया है। जिससे युवा प्रेरित हो, सशक्त हो और जागरूक हो।

जहां पूंजीवाद अपने चरम पर है और गला काट प्रतियोगिता चल रही है, युवा अपने लक्ष्य को हासिल करने और सफल होने के लिए अलग-अलग रास्ते चुन लेते हैं और कभी-कभी भटक भी जाते हैं।

नेशनल एसोसिशन ऑफ यूथ के द्वारा हम बातचीत, चर्चा और मुद्दे रखने के लिए ऐसा मंच युवाओं को उपलब्ध कराते हैं जिससे उन्हें सामाजिक जीवन में पूर्ण ईमानदारी के साथ अपने गंतव्य तक पहुंचने में मदद मिलती है, हमारा मुख्य उद्देश्य युवाओं को उनके पेशेवर काम और करियर के अलावा उनकी सामाजिक जिम्मेदारियों के लिए जागरूक करना है, जिससे उन्हें अपने मौलिक अधिकारों, कर्तव्यों और अपने कार्य के बीच में संतुलन बनाने में मदद मिल सके।

संक्षेप में हम हर जगह, हर स्तर पर युवाओं की सहायता, मार्गदर्शन और इस देश के सशक्त जिम्मेदार और देशभक्त नागरिक बनाने के लिए एक साथ हैं। हम आज की युवा पीढ़ी के मन मष्तिष्क को टटोलने और उसकी सकारात्मक ऊर्जा को राष्ट्र निर्माण का हिस्सा बनाने के कार्य में लगे हुए हैं। हम देश के विभिन्न राज्यों में अपनी शाखाओं का विस्तार कर चुकें हैं और यह यात्रा जारी है।



NATIONAL ASSOCIATION OF YOUTH
राष्ट्रीय युवा संघ
*making youth responsible ...*

**भावेष कुमार पाण्डेय**
संस्थापक अध्यक्ष
नेशनल एसोसिएशन ऑफ यूथ

## शहीदों को नमन

अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव सहित अन्य आजादी की लड़ाई में हुए शहीदों के बलिदान को याद करते हुए शहीद दिवस के रूप में याद किया जाता है और कैंडलमार्च, गोष्ठी, स्वच्छता एवं सेवा माध्यम से युवा जागरण का कार्य करना।






## भ्रष्टाचार के खिलाफ युवा

2010-11 में दिल्ली के विभिन्न इलाकों में, विश्वविद्यालय परिसर से लेकर, सड़क से मेट्रो तक भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाना, भ्रष्टाचार के विरुद्ध देश की युवा शक्ति को एकजुट कर जनजागरण का प्रयास किया जिसमें **"Corruption Go Back, Corruption Leave India!!"** जैसे कई नारे दिए गये।


पूर्वांचल के युवाओं को जागरूक कर भ्रष्टाचार के खिलाफ व शिक्षा के लिए प्रेरित

भ्रष्टाचार के खिलाफ जंग में 'बस्ती के लोग'

अनोखी मुहिम

## समाजसेवी समागम एवं युवा संवाद

2011 में बस्ती में समाजसेवियों का एक विशेष समागम कार्यक्रम कराया गया जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से प्रबुद्धजनों एवं सामाजिक लोगों को एक मंच पर लाकर संवाद स्थापित करने का प्रयास किया।

समाज के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रहे युवा जो नेशनल एसोसिएशन ऑफ यूथ से जुड़े है या नहीं भी जुड़े है ऐसे युवाओं को अपने विचारों को रखने एवं अन्य युवाओं के विचारों को सुनने और इन सभी को अपने-अपने क्षेत्रों में महारत हासिल किये हुये गणमान्यों के साथ रूबरू कराने का एक प्रयास है "युवा संवाद" जो समय-समय पर संगठन द्वारा आयोजित किया जाता है।





## छात्र सम्मेलन

समय समय पर विभिन्न स्थानों पर छात्र सम्मेलनों का आयोजन करना जिसके माध्यम से अध्ययनरत युवाओं को देश समाज की बड़ी उपलब्धि हासिल किये लोगों से सीधा जोड़ने का प्रयास किया जाता है और विभिन्न प्रतिभाओं को ऐसा मंच प्रदान करते हैं जहाँ वो अत्म विश्वास के साथ प्रस्तुति कर सकें।






## पर्यावरण

पर्यावरण के संरक्षण हेतु संगठन ने सदैव कार्य किया है और करते जा रहे हैं, हमारी पांच मुख्य शाखाओं में पर्यावरण भी एक है, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, उत्तराखंड, बिहार सहित अन्य प्रदेशों में भी युवाओं द्वारा वृक्षारोपण और पर्यावरण के प्रति जागरूकता अभियान चलाये गए हैं और यह श्रृंखला जारी रहने वाली है।





## मतदाता जागरूकता

सशक्त लोकतंत्र के लिए देश के युवाओं को उनके मताधिकार के लिए जागरूक करना, इसके सही उपयोग से देश में क्या बदलाव हो सकते हैं ये समझाना और हर एक वोट की कीमत समझाना यह अति आवश्यक है और एक युवा संगठन होने के नाते हमारा ये नैतिक कर्त्तव्य है कि हम युवाओं को जिम्मेदार मतदाता बनायें।






## प्रधानमंत्री जी द्वारा सराहना पत्र


प्रधान मंत्री
Prime Minister

संदेश

पर्यावरण के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हो रहे 'बस्ती मिनी मैराथन' के आयोजन के बारे में जानकर प्रसन्नता हुई है।

पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति के सान्निध्य और सामंजस्य में जीवन-यापन, ये हमारी सांस्कृतिक विरासत के मूल में है। यह देखकर सुखद अनुभूति होती है कि पर्यावरण सुरक्षा को लेकर आज की युवा पीढ़ी भी जागरूक और गंभीर है और विभिन्न स्तरों पर प्रशंसनीय प्रयास किए जा रहे हैं।

मुझे उम्मीद है कि 'बस्ती मिनी मैराथन' से लोगों तक पर्यावरण संरक्षण का सन्देश तो पहुंचेगा ही, साथ ही सेहत और फिटनेस के प्रति भी जागरूकता बढ़ेगी। स्वच्छ, स्वस्थ और फिट इंडिया के मंत्र को जीवन में उतारकर ही हम 'न्यू इंडिया' के लक्ष्य को सिद्ध कर सकते हैं।

मैराथन के आयोजन से जुड़े लोगों और इसमें हिस्सा ले रहे सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं।

(नरेन्द्र मोदी)

नई दिल्ली
कार्तिक 10, शक संवत् 1941
01 नवंबर, 2019

श्री भावेष कुमार पाण्डेय
अध्यक्ष, नेशनल एसोसिएशन ऑफ यूथ
नई शक्ति कॉलोनी, सुपेलवा
गांधीनगर, बस्ती
उत्तर प्रदेश- 272001

## बस्ती मिनी मैराथन

2012 के पहले वर्ष के कार्यक्रम में ही बस्ती के स्थानीय विद्यालयों के सहयोग से इस प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के लगभग 300 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था और बस्ती के शहरी क्षेत्र को छोड़ दिया जाए तो ग्रामीण क्षेत्र से संख्या नाम मात्र की थी ,जब हम अगले वर्ष में प्रवेश किए तो यह संख्या बढ़कर 700 हुई और बस्ती के शहरी क्षेत्र ही नहीं बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों से भी अन्य तहसीलों के प्रतिभागियों ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया , ऐसे ही 2014 में जब इस प्रतियोगिता का आयोजन हुआ तो संख्या 950 हुई और इस कार्यक्रम में अपने बगल के संत कबीर नगर जिले से भी प्रतिभागी हिस्सा लेने आए और यह सफर अनवरत चलते हुए अब हर वर्ष देश भर से 5000 से अधिक प्रतिभागी हिस्सा लेते है। अब इस कार्यक्रम में अन्य खेलों को भी जोड़ा गया है।





बस्ती जागरण

# मिनी मैराथन में दौड़ेंगे 40 जिलों के धावक

बस्ती मिनी मैराथन : 8 किमी दौड़ में प्रतिभागी विजेता धावकों को सम्मानित करेंगे


# 11वां मिनी मैराथन 6 नवंबर को,तैयारी शुरू



## रक्तदान-महादान

रक्तदानके लिए विभिन्न स्थानों पर 50 से अधिक शिविरों के आयोजन संगठन ने किये हैं, जिनके माध्यम से 2000 से अधिक यूनिट रक्तदान किये गए हैं .स्वास्थ्य के क्षेत्र में सामाजिक संगठनों द्वारा रक्तदान कार्यक्रम सबसे बेहतरीन कदम है, रक्तदानके लिए संगठन हमेशा आगे आता रहा है ।





## वाक अगेंस्ट कोरोना

जब 2020 में दुनिया कोरोना महामारी से जूझ रही थी तब नेशनल एसोसिएशन ऑफ यूथ अपने वार्षिक कार्यक्रम मिनी मैराथन को नहीं करा सका लेकिन जनता को सन्देश देने के उद्देश्य से संगठन ने "Walk Against Corona" कार्यक्रम का आयोजन किया और 2 किलोमीटर की पदयात्रा में भी समाज के सक्रिय लगभग 1200 सामाजिक रूप से सक्रिय लोगों ने प्रतिभाग किया।



## छात्राओं के लिए विशेष करियर काउन्सलिंग

छात्राओं के लिए विशेष करियर काउन्सलिंग सत्र के माध्यम से उन्हें भविष्य की चुनौतियों के प्रति सहज बनाने का प्रयास.



## नैतिक शिक्षा



बेहतर समाज और बेहतर भविष्य के लिए मात्र स्कूली शिक्षा या पेशेवर शिक्षा से काम नहीं चलने वाला, इसके लिए हमें व्यक्तित्व निर्माण के लिए कार्य करना होगा, इसी का एक अंग है नैतिक शिक्षा नैतिक शिक्षा के महत्व और इसकी उपयोगिता के प्रति समाज में जागरूकता के लिए लगातार कार्यक्रम करना और लोगों को इस भाव से जोड़ने का निरंतर प्रयास संगठन द्वारा किया जाता है ।

## स्टडी सर्किल-अध्ययन समूह





आज के युवा को देश दुनिया और समाज के विभिन्न सामयिक मुद्दों के प्रति जागरूक करना और चर्चा का विषय बनाना यह अति आवश्यक है, इसी बात को ध्यान में रखते हुए संगठन ने विद्यार्थियों के बीच स्टडी सर्किल बनाने का निर्णय लिया और विश्वविद्यालयों से लेकर कॉलेज तक ऐसे समूहों का निर्माण किया जिसके माध्यम से हम ऐसी चर्चाओं को आगे ले जा सकें और सामयिक मुद्दों पर चिन्तन कर सकें ।

## चिन्तन शिविर

संगठन के कार्यों को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु संगठन से जुड़े युवाओं के लिए चिंतन शिविर का आयोजन होता है, यह संगठन के आन्तरिक विषयों, हमारीयोजनाओं और कार्यों की समीक्षा के साथ साथ उसके भविष्य के कार्यक्रमों के लिए भी जरुरी होता है, इसके माध्यम से हम भविष्य के कार्यक्रमों के लिए तैयार होते हैं और देश भर से जुड़े युवाओं के बीच में एक संवाद स्थापित होता है जिस से आत्मीयता का भाव जागृत होता है.



## स्वच्छ भारत

प्रधानमंत्री जी के आह्वान पर संगठन के युवाओं ने देश के विभिन्न स्थानों पर कई चरणों में स्वच्छ भारत अभियान चलाया, और सिर्फ स्वयं अभियान चलाया ही नहीं बल्कि आस पास के लोगों को जागरूक भी किया, लोग अपने आप फिर इस अभियान से जुड़ते चले गए और यह स्वच्छता अभियान धीरे धीरे एक महाभियान का रूप लेता गया ।


हिन्दुस्तान 02
हर रविवार चलेगा अभियान, प्रमुख स्थलों की होगी सफाई
करगिल शहीद स्तम्भ की युवाओं ने बढ़ाई रौनक

## थिंक युवा

संगठन ने युवाओं की आवाज देश समाज में जन जन तक पहुँचाने के लिए 2015 में "थिंक युवा" द्विभाषी मासिक पत्रिका प्रकाशन प्रारंभ किया जिसे युवा ही संचालित करते हैं और यह युवाओं के मुखपत्र के रूप में युवाओं को आवाज देने का सशक्त माध्यम बन रहा है, इस और भी सशक्त एवं प्रभावशाली बनाने के लिए संगठन कार्य कर रहा है।




## वर्चुअल दुनिया का वास्तविक दुनिया पर प्रभाव

दिल्ली में विभिन्न क्षेत्र से आने वाले पेशेवर युवाओं का एक सार्थक गोलमेज सम्मेलन आयोजित हुआ जिसका विषय "Virtual World's Impact on Actual World" रहा. इस वृहद् और सकारात्मक चर्चा में आभासी दुनिया का वास्तविक जीवन पर पड़ने वाले प्रभावों और दुष्प्रभावों के विषय में खुलकर सबने अपनी बात रखी और एक समसामयिक संवाद वास्तविक रूप ले सका।







## कोरोना से लड़ाई







पूरी दुनिया कोरोना महामारी से जूझ रही थी, यह एक ऐसा अप्रत्याशित स्वास्थ्य राक्षस था जिस से तो अभी हम सबको लड़ना भी नहीं आता था, बड़े बड़े महानगरों से लोग अपने घर वापिस आने लगे, राजमार्गों पर त्राहि त्राहि हो रही थी, ढाबे बंद, दुकानें बंद, गाड़ियाँ बंद, लोग पैदल, साइकिल से हजारों किलोमीटर चलने को तैयार थे, बाजार में मास्क ख़त्म हो गए, ऐसे समय में नेशनल एसोसिएशन ऑफ यूथ ने राजमार्ग से लेकर बस्तियों तक में भोजन वितरण, राशन वितरण से लेकर मास्क और सैनीटाइजर वितरण किया गया, हमने अपना खुद का कण्ट्रोल रूम बनाया, हेल्पलाइन नंबर जारी किया और लोगों की मदद की. ऐसे ही दूसरी लहर में भी हमने कण्ट्रोल रूम बना कर लोगों को ऑक्सीजन और जरुरी दवाइयां उपलब्ध कराने में सहायता प्रदान किया।

## CAA नागरिकता संशोधन विधेयक

नागरिकता संशोधन विधेयक भारत की अस्मिता, संस्कृति और सभ्यता की रक्षा के लिए जरुरी हो गया था. केंद्र सरकार के इस फैसले के खिलाफ अपने ही देश के कई नकारात्मक सोच के लोग समाज में अशांति फ़ैलाने का प्रयास कर रहे थे, जिसके लिए नेशनल एसोसिएशन ऑफ यूथ ने विभिन्न स्थानों पर इसके लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाये, और बस्ती में करीब 2000 लोगों का एक बड़ा सम्मेलन आयोजित किया, जिस से हम राष्ट्रविरोधी शक्तियों को अपनी एकता का परिचय दे सकें और लोगों को जागरूक भी कर सकें।



## मातृ शक्ति का सम्मान

नेशनल एसोसिएशन ऑफ यूथ सदैव लैंगिक समानता एवं समान अधिकारों की बात करता रहा है इसलिए संगठन समय-समय पर नारी सशक्तिकरण एवं महिला पुरूष दोनों के समान अधिकारों के प्रति जागरूकता हेतु कार्यक्रमों का आयोजन करता रहता है।चाहे लैंगिक समानता हेतु दौड़ का कार्यक्रम हो या सामान्य दिवसों से लेकर महिला दिवस तक मातृ शक्ति को सम्मानित करने का कार्य संगठन अपना दायित्व मानता है।

## युवांगन

युवाओं को समाजसेवा, देश सेवा और अपने करियर में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करने के साथ साथ 2020 में संगठन ने कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में परिश्रम कर रहे युवाओं को एक मंच देने की शुरुआत की और "युवांगन" कार्यक्रम का आरम्भ किया, हर वर्ष इस कार्यक्रम के माध्यम से कला संस्कृति की प्रस्तुति के लिए युवाओं को खुला मंच देना ही संगठन का उद्देश्य है ।

## कवि सम्मेलन

संगठन के युवाओं के द्वारा शहीदों की याद में लगातार कवि सम्मेलन कराये जाते हैं, पुराने समय में कवियों को बड़ा श्रेय जाता है अपनी कविताओं से जनजागरण करने का, और इसलिए हमारा भी प्रयास रहता है कि ओजस्वी कवियों के माध्यम से देश समाज में राष्ट्रभक्ति की भावना का जागरण हो, देश का पुनर्जागरण हो।



## छात्र अधिकार

छात्रों के अधिकारों और उचित शिक्षा व्यवस्था के लिए संगठन ने सदैव आवाज उठाया है और उठाते रहते हैं, चाहे वो स्कूली शिक्षा का मुद्दा हो या सिविल सेवा की परीक्षाएं हों, सभी के लिए छात्रों के हित की आवाज को ऊपर तक पहुँचाना, छात्रों के लिए एक अच्छा और प्रभावी मंच प्रदान करना यह हमारा प्रयास रहा है।




हिंदी की लड़ाई में यूपीएससी के छात्रों का समर्थन

## ठण्ड में आवश्यक वस्तु वितरण

ठण्ड के समय गरीबों के लिए जिनके पास अपना आवास नहीं है, जो सड़कों के किनारे रहते हैं, जिनके पास अपनी छत नहीं है, ऐसे जरुरतमंदों को कपडे और कम्बल बांटने का कार्य संगठन सदैव करता है और इसके लिए समाज के लोगों को भी जागरूक करके उनसे भी हर संभव मदद सीधा जरुरतमंदों तक पहुँचाने का कार्य संगठन द्वारा किया जाता है।





## अनुरोध

विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रहें  युवाओं के संयुक्त संकल्प से ही समाज के विभिन्न आयामों के लिए कार्य करना संभव हो रहा है, और इसको जारी रखने के लिए रचनात्मक एवं सकारात्मक युवाओं की इस परिवार को आवश्यकता है। अतः आप से निवेदन है की संगठन की सदस्यता ग्रहण कर परिवार का हिस्सा बनें एवं समाज में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।



## आग्रह

नेशनल एसोसिएशन ऑफ यूथ युवाओं और समाज के लिए निरंतर समाज के ही परस्पर सहयोग से विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने में सक्षम हो पाया है। अतः आप से आग्रह  है  कि इस प्रयास को अपना सहयोग कर इसकी निरंतरता में सहायता करें। धन्यवाद!

**National Association of Youth**

Bank : State Bank of India
Account No. : 4136605203
IFSC : SBIN0006211

Bank : HDFC Bank
Account No. : 50200056423900
IFSC : HDFC0001888

Scan & Pay

NAY NATIONAL ASSOCIATION OF YOUTH
राष्ट्रीय युवा संघ

*making youth responsible ...*















"TAKE RISKS
IN YOUR LIFE,
IF YOU WIN,
YOU CAN LEAD!
IF YOU LOOSE,
YOU CAN GUIDE!"

SWAMI VIVEKANANDA

Let us connect ....

nayindiaorg nay4india nayindia mail.nayindia@gmail.com www.nayindia.org 9013250808